वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 204 बुधवार 22 नवम्बर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# जयपुर में पीएम मोदी का रोड शो

## ओपन जीप में 4 किलोमीटर चले, पीएम के साथ प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी भी मौजूद रहे



**जयपुर. कासं**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार शाम जयपुर में मेगा रोड शो किया। मोदी 1घंटे16 मिनट में ओपन जीप में 4 किलोमीटर चले। जीप में मोदी के साथ प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी भी मौजूद रहे। रोड शो में लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। गौरतलब है कि राजस्थान विधानसभा की 199 सीटों के लिए एक ही चरण में 25 नवंबर को वोट डाले जाने हैं। चुनाव नतीजे 3 दिसंबर को आने हैं। राजस्थान चुनाव के लिए प्रचार में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। पीएम मोदी का रोड शो सांगानेरी गेट से शाम 6:25 बजे शुरू हुआ। रोड शो के दौरान पीएम ने हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया। सड़क के दोनों तरफ खड़े लोगों ने पीएम मोदी पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। रोड शो बापू बाजार, नेहरू बाजार होते हुए किशनपोल बाजार पहुंचा। उसके बाद छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार होते हुए बड़ी चौपड़। जौहरी बाजार होते हुए फिर से सांगानेरी गेट पहुंचकर देर शाम 7:41 बजे खत्म हुआ। एक विधानसभा क्षेत्र से गुजरा, तीन को कवर किया पीएम मोदी के रोड शो ने परकोटे की किशनपोल, हवामहल और आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र कवर को कवर किया। 4 किमी का पूरा रोड शो किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में रहा। हालांकि आदर्श नगर और हवामहल विधानसभा क्षेत्र से लगते हुए गुजरा। इन तीनों सीटों पर वर्तमान में कांग्रेस का कब्जा है। वहीं, इस बार बीजेपी ने तीनों सीटों पर नए प्रत्याशी उतारे हैं। यह तीनों सीटें जयपुर शहर में मुस्लिम बाहुल्य मानी जाती है। रोड शो में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जिम्मेदारी संभालने वाले पूर्व उप महापौर मनीष पारीक ने बताया कि पूरे रास्ते में 12 सांस्कृतिक मंच बनाए गए। इसमें 2 पर बैंड वादन हुआ। 1 मंच पर 101 ब्राह्मणों की ओर से सृष्टि वाचन किया गया। वहीं, 9 सांस्कृतिक मंचों पर राजस्थानी संस्कृति की झलक देखने को मिली। इसमें कालबेलिया, घूमर,कच्ची घोड़ी, मांड गायन सहित नगाड़ा वादन और अन्य कलाकारों की ओर से प्रस्तुतियां दी गईं। सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 4 हजार अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी लगाए गए। परकोटे में यातायात पुलिस ने विशेष व्यवस्था की थी। जौहरी बाजार, हवामहल बाजार, रामगंज बाजार, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता, किशनपोल बाजार, बापू बाजार, नेहरू बाजार में मुख्य मार्गों पर वाहनों की पार्किंग नहीं की गई थी। ये मार्ग नो-व्हीकल जोन रहे थे।

### जयपुर में प्रधानमंत्री का पहला रोड शो

यह पहला मौका है, जब जयपुर में प्रधानमंत्री का रोड शो हुआ। इससे पहले मोदी ने जयपुर में रोड शो नहीं किया। पीएम मोदी ने पिछले चुनावों में जयपुर में जनसभा को संबोधित किया था। वहीं, इस बार भी पीएम मोदी की जयपुर में 25 सितंबर को सभा हुई थी।



# मुनिश्री आदित्य सागर जी महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश हुआ



प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया

**भीलवाड़ा।** बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में श्रुत संवेगी मुनिश्री आदित्य सागर जी महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश हुआ। ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जैन ने बताया कि श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर न्यू हाउसिंग बोर्ड शास्त्री नगर से सायकाल 4:00 बजे मंगल विहार हुआ। मुख्य मार्गो से होते हुए ईएसआई अस्पताल पुलिया पर बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, युवा ड्रेस कोड में ढोल नगाड़े के साथ हाथों में जैन ध्वज लिए जयकारा करते हुए जुलूस चल रहा था। जगह-जगह अपने घरों के बाहर रंगोली सजाकर श्रावकों ने मुनि ससंघ का पाद पक्षालन किया। मंदिर प्रवेश पर कई थालियो में मुनि ससघ का पादपक्षालन किया । महिलाएं ने अपने सिर पर मंगल कलश लिए मुनिससघ की अगवानी की। मुनि ससंघ मंदिर में प्रवेश कर बड़े बाबा मूलनायक श्री पदम प्रभु भगवान सहित सभी प्रतिमाओं के दर्शन किए। इस दौरान मुनिश्री ने आशीर्वाद वचन में कहा कि सभी देव- शास्त्र- गुरु से जुड़े रहे, उनकी आज्ञा पर चले। उससे ही आत्मा का कल्याण मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा की प्रतिमा बहुत सुंदर, मनमोहक है। भक्तगण सोते नहीं रहे। प्रभु भक्ति का पूरा लाभ लेते रहे। ट्रस्ट मंत्री पूनम चंद सेठी ने बताया कि प्रात मुनिससंघ के सानिध्य में अभिषेक, शांतिधारा एवं नीति क्लास लगेगी। मंदिर स्थापना दिवस एवं कलशाभिषेक कार्यक्रम के तहत दोपहर 2:00 बजे पूजन, 3:00 बजे सम्मान समारोह, 3:30 बजे मुनि श्री के प्रवचन के बाद कलशाभिषेक होगा। कार्यक्रम के समापन के बाद श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर अरिहंत कॉलोनी के लिए मुनीससंघ का विहार होगा।

# श्री सिद्धचक्र विधान के दूसरे दिन चढ़ाए श्रीजी के समक्ष आठ अर्घ्य



आगरा. शाबाश इंडिया

शमशाबाद रोड स्थित राहुल विहार के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में गणिनी आर्यिका श्री आर्षमति माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। भक्तों ने विधान के दूसरे दिन मंगलवार का शुभारंभ श्रीजी का अभिषेक एवं वृहद शांतिधारा, भक्तामर पूजन के साथ किया। इसके बाद विधानचार्य शशिकांत जैन शास्त्री एवं प्रतिष्ठाचार्य वीरेंद्र कुमार जैन शास्त्री के कुशल निर्देशन में सभी इंद्र-इंद्राणियों ने मंत्रोच्चारण के साथ श्रीजी के समक्ष मंडप पर सिद्धों के गुणों का गुणगान कर आठ अर्घ्य समर्पित किए। विधान में मौजूद सभी भक्तों ने हाथों में चंबर लेकर श्रीजी के प्रति बहुत सुंदर नृत्य किया। विधान के मध्य में गुरुमां ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए भक्तों से कहा कि संसार में जन्म लेना ही पाप कर्म का फल है लेकिन इसी संसार में धर्म-ध्यान कर संसार का त्याग कर मोक्ष पद को प्राप्त किया जा सकता हैं। संसार की हर क्रिया के साथ धर्म को जोड़े रखने वाला ही पुण्य का संचय करता है। जिस घर के चौके में मुनि के लिए आहार बनता हो, उस घर में कभी अन्न की कमी नहीं होती। मुनि को भेदभाव के साथ आहारदान देने वाला अगले भव में भिखारी बनता है। स्वयं की क्रिया को देखकर अपनी अशुभ क्रिया को सुधारने वाला ही सच्चा श्रावक है और जो दूसरों की गलती को देखता है, वह श्रावक कहने के योग्य नहीं है। हर इंसान अपने पाप पुण्य के कारण सुख और दुख का अनुभव करता है। अगर किसी मुनि के पाप कर्म का उदय आ जाएं तो प्रत्येक श्रावक का कर्तव्य है कि वह उनके चारित्र और चर्या को स्थिर रखने में सहयोग करे, तभी वह श्रावक संसार के दुखों से बच सकता है। साय:7:00 बजे श्रीजी संगीतमयी भव्य मंगल आरती की गई। रात:8:30 बजे नाटयकर बाहुबली एंड पार्टी ललितपुर के कलाकारों द्वारा बहुत सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी इस कार्यक्रम में रोहित जैन अतिशय जैन, प्रिंस जैन, अतुल जैन, योगेश जैन, पवन कुमार जैन लोकचंद जैन, दीपचंद जैन, सतीश चंद जैन संजय कुमार जैन, ताराचंद जैन, समस्त राहुल विहार जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

रिपोर्ट :
शुभम जैन, आगरा

# दुर्गापुरा जैन मंदिरजी में नन्दीश्वर द्वीप विधान का आयोजन

जयपुर. शाबाश इंडिया

श्री दिगम्बर जैन मंदिरजी चन्द्र प्रभ जी दुगार्पुरा में आज से अठाईयों के मौके पर श्रावक-श्राविकाओं ने आज से नन्दीश्वर द्वीप वृहद विधान (बावन पूजा) रचयिता कविवर पं.जिनेश्वर दास कृत शुरू किया जिसमें 52 पूजायें विधान की होंगी। इस पूजा को बडे भक्तिभाव से कराने का पुण्य डां शान्ति जैन ''मणि'', श्रीमति प्रतिभा गोधा व श्रीमति कैलाश का है । पूजा का आयोजन डां एम एल जैन ₹ मणि ₹ व कैलाश चन्द्र जैन के संयोजन में किया गया है मंदिर अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र चांदवाड व मंत्री राजेन्द्र कुमार काला ने पुर्ण सहयोग एवं बधाई दी है। आज आवश्यक पूजाओं के अलावा विधान की 7 पूजायें बडे भक्तिभाव से की गई ।



# "किसी का भाई किसी की जान" के प्रीमियर में भाईजान के साथ होगा फुल-ऑन एक्शन और एंटरटेनमेंट, एंड पिक्चर्स पर

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




ब्लॉकबस्टर फिल्म ''किसी का भाई किसी की जान'' के शानदार मनोरंजन के साथ एक धमाकेदार रोमांच के लिए तैयार हो जाइए, जिसका प्रीमियर 25 नवंबर को रात 8 बजे एंड पिक्चर्स पर होने जा रहा है। एक्शन से भरे इस रोमांच में सलमान खान एक ऐसा जबर्दस्त अनुभव लेकर आएंगे, जो किसी भी आम पेशकश से बहुत आगे है। सलमान खान की शानदार मौजूदगी और जोरदार परफॉर्मेंस हमें एक ऐसे रोमांचक सफर पर ले जाती है, जहां चारों तरफ एक्शन का बोलबाला है। तो आप भी कमर कस लीजिए क्योंकि 'ब्रिंग इट ऑन' के अपने ऐलान के साथ रोमांच का तूफान लेकर आ रहे हैं भाईजान! इस फिल्म में सलमान खान पर्दे पर अलग-अलग अंदाज में नजर आए, जहां उनके तीन अनोखे लुक्स उनके किरदार को और दिलचस्प बनाते हैं। एक सीधे-सादे नौजवान से लेकर उनके दबंग तेवर तक, उनका हर अंदाज आपको शुरू से अंत तक बांधे रखेगा। इसके अलावा टैलेंटेड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े के साथ सलमान की शानदार केमिस्ट्री पर्दे पर एक अलग एहसास जगा देगी। दोनों की दिलकश परफॉर्मेंस एक खास तरह का सिनेमाई एहसास कराती है, जो फैंस के लिए किसी का भाई किसी की जानह को देखने लायक बनाती है। यह कहानी भाईजान और उनके तीन भाइयों के बीच रिश्तों की गहराई भी दिखाती है, जो हमें परिवार और एक दूसरे के साथ के मायने बताती है। किसी का भाई किसी की जान की जोशीली दुनिया में खो जाइए जहां सलमान खान की असरदार मौजूदगी के साथ-साथ नइयो लगदाह जैसे जबर्दस्त गाने हमें संगीत के सुरीले सफर पर ले जाते हैं। इस गाने ने लाखों दिलों को छू लिया और इसे 45 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। इस फिल्म में उत्तर और दक्षिण का अनोखा संगम है, जो दोनों तरफ मौजूद सलमान के फैंस और फिल्म प्रेमियों को आकर्षित करता है।

# सिद्ध चक्र महामण्डल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

## उपखण्ड मुख्यालय पर जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज के पावन सानिध्य में, सकल दिगंबर जैन समाज के सहयोग से हुआ श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का भव्य आयोजन



**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई। धर्म परायण नगरी निवाई में जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज एवं क्षुल्लक अकम्प सागर महाराज के पावन सानिध्य में सकल दिगंबर जैन समाज के सहयोग से शांतिनाथ भवन में दिनांक 20 नवंबर 2023 से 28 नवंबर 2023 तक श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का भव्य आयोजन होगा। जिसमें श्रद्धालुओं ने सिद्धों की महा आराधना की। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि अष्टान्हिका महापर्व अनुष्ठान कार्यक्रम के तहत विधान के पात्रों का चयन किया गया जिसमें दीप प्रज्वलनकर्ता धर्मचंद चंवरिया, सोधर्म इंद्र मूलचंद त्रिलोक चंद जैन, धनपति कुबेर इंद्र अरुण कुमार अर्पित कुमार जैन, यज्ञनायक महावीर प्रसाद हितेश कुमार जैन, ध्वजारोहणकर्ता एवं ईशान इंद्र हेमचंद हर्षित कुमार जैन, सानत इन्द्र सूरजमल जैन, माहेन्द्र इंद्र महेंद्र कुमार नरेंद्र कुमार जैन, श्री पाल मेनासून्दरी अनिता जैन को बनने का सौभाग्य मिला। जौंला ने बताया कि मंगलवार को सुबह विधान की शुरूआत समाजसेवी धर्मचंद चंवरिया ने मण्डप पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा शुरू करवाई गई। विधान में जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज एवं प्रतिष्ठाचार्य पं.अशोक जैन धानी जबलपुर के मंत्रोच्चार द्वारा इन्द्र इन्द्राणियो ने श्री जी की वृहद शांतिधारा एवं क्षीरसागर के जल से चारों दिशाओं में विराजमान जिन प्रतिमाओं के कलशाभिषेक किए गए। जौंला ने बताया कि विधान में इन्द्र इन्द्राणियो ने 8 एवं 16 श्री फल अर्ध्य चढ़ाकर संगीतकार भावना एण्ड पार्टी जबलपुर के मधुर भजनों पर जमकर भक्ति नृत्य किए। इसके बाद प्रतिष्ठाचार्य अशोक जैन धानी जबलपुर ने सिद्धों की आराधना करवाकर सिद्धों की महिमा बताई। इस अवसर पर गुरु विशुद्ध भक्त परिवार नवरत्न टोंग्या विमल जौंला बंशी ब्रांड तेल के निमार्ता विष्णु बोहरा, गोमुखी ब्रांड सरसों तेल के निमार्ता मनन दत्तवास, नरेश सोगानी, पुनित संधी, सुरेन्द्र टोंग्या, सुरेश ईटावा, ज्ञानचंद सोगानी, विमल सोगानी, प्रेमचंद सोगानी, शिखरचंद काला, संजय प्रेस, राजकुमार संधी, पदमचंद पीपलू, सहित कई गणमान्य लोगों ने जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज को श्री फल अर्ध्य चढ़ाकर आशीर्वाद लिया।

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन
63, महावीर ट्रस्ट, रीगल चौराहा कीर्ति स्तम्भ, इन्दौर (म.प्र.)

अन्तर्राष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन इन्दौर

24 दिसम्बर 2023 रविवार

फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि
10 दिसम्बर 2023

व्हाट्सप्प पर जानकारी हेतु क्लिक करें
फोन पर अधिक जानकारी हेतु क्लिक करें
वेबसाईट पर जानकारी हेतु क्लिक करें
अनलाइन फॉर्म रेजिस्ट्रैशन के लिए क्लिक करें
ऑफलाइन pdf फॉर्म डाउनलोड के लिए क्लिक करें
अनलाइन पेमेंट / निर्देश के लिए क्लिक करें

आयोजक :-
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन इन्दौर
सभी साधर्मी बंधु लाभान्वित हो इस हेतु आप सभी से निवदेन है इस PDF को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित एवं प्रसारित करने का कष्ट करे ।

## वेद ज्ञान

# सरलता का महत्व

जीवन-निर्वाह के लिए आवश्यक वस्तुओं के अतिरिक्त अधिक का अपने लिए उपयोग न करने की दृष्टि सरलता की प्रेरणा-आधार है। अपव्यय, श्रृंगार से बचना और मितव्ययता सादगी है। प्रदर्शन में समय और धन नष्ट होता है और इससे आपके व्यक्तित्व में चार चांद नहीं लगते। धरती के देवता वे हैं, जो अपने अनुकरणीय आचरण से दूसरों में सादगी की प्रेरणा भरते हैं। महाकवि माघ हृदय की उदारता के लिए प्रसिद्ध थे। उनकी दयनीय आर्थिक स्थिति में एक रात उनके घर आकर एक याचक ने बताया कि मेरी कन्या का विवाह है। मेरे पास कुछ भी नहीं है। आपकी ख्याति सुनकर आया हूं। कुछ सहायता मिल जाने पर काम हो जाएगा। कवि-हृदय भर आया। घर में देने को कुछ न था। पास सो रही पत्नी के शरीर पर दृष्टि गई। धीरे-धीरे एक कंगन उतारा और अतिथि को देते हुए बोले कि इस समय अधिक के लिए विवश हूं, जो कुछ है स्वीकार कीजिए। पत्नी की आंख खुली। वस्तुस्थिति समझकर मंद मुस्कराहट के साथ वह बोलीं कि विवाह जैसा कार्य एक कंगन में कैसे हो सकेगा। दूसरा कंगन उतारकर देने पर माघ पुलकित हो उठे। स्वाध्याय सरलता बढ़ाता है। एक अमेरिकी विद्वान का कथन है कि मैं बिना खाए और नहाए रह सकता हूं, पर पुस्तकें पढ़े बगैर चैन नहीं पा सकता। पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम की मां ने उनमें सादगी और अच्छे संस्कारों की नींव डाली। जन्म देने वाली ऐसी माताओं की गोद और नाम धन्य करने वाली संतानें संघर्ष में तपकर इतिहास रचती हैं। जटिलता पार करते ही सरलता आती है। व्यक्ति के आचरण की जांच उसके कलह के समय व्यवहार से होती है। जीवन में वेदना है, पर संवेदना नहीं। बुद्धि है, सद्बुद्धि नहीं। चित्र है, पर चरित्र नहीं। संसार है, पर संस्कार नहीं। मनुष्य आकृति है, पर प्रकृति नहीं। व्यक्ति है, पर व्यक्तित्व नहीं। जो अपनी गलती सुधार कर प्रायश्चित करता है, वह साधु है। जो गलती मानकर खेद जताता है, वह सज्जन है। जो हठ करता है, वह अच्छा इंसान नहीं है और जो सही-गलत में गलत को सही कहता है और सही को गलत कहता है, वह भी नेक इंसान नहीं है। एक व्यक्ति ने कहा कि मैंने क्रोध को जीत लिया है। असल में उसने क्रोध को नहीं जीता, बल्कि अपनी एक कमी पर विजय प्राप्त की।

## संपादकीय

# संवैधानिक मर्यादाओं के परे जाकर भी वादे और फैसले

अपने सियासी स्वार्थ साधने की कोशिश में अक्सर पार्टियां और सरकारें संवैधानिक मर्यादाओं के परे जाकर भी वादे और फैसले कर जाती हैं। यही किया हरियाणा सरकार ने। तीन साल पहले उसने कानून बना कर तय कर दिया कि उन सभी निजी कंपनियों, संस्थानों और संस्थाओं को अपने यहां नौकरियों में हरियाणा के युवाओं को पचहत्तर फीसद आरक्षण देना होगा, जिनमें दस से अधिक कर्मचारी काम करते हैं और उनका वेतन तीस हजार रुपए से कम है। जिस तरह राजनीतिक दल पूरे देश में जातीय और क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे पर अपना जनाधार बनाने की कोशिश करते देखे जाते हैं, उसमें हरियाणा सरकार का यह कदम नया नहीं कहा जा सकता। अच्छी बात है कि पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने उस कानून को रद्द कर दिया। दरअसल, इस आरक्षण का वादा विधानसभा चुनाव के वक्त जननायक जनता पार्टी ने किया था। फिर जब सत्ता गठबंधन में शामिल हुई तो उसने यह कानून भी बना दिया। हर कल्याणकारी सरकार का कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों को रोजी-रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए। मगर इसके लिए संविधान में दिए गए समानता और जीवन जीने के अधिकार को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दूसरों के अधिकारों का हनन नहीं किया जा सकता। ऐसी कोई सरहद नहीं बनाई जा सकती, जिसमें दूसरे इलाकों के लोगों का प्रवेश वर्जित हो। भारत में संघीय व्यवस्था है और इसमें हर नागरिक को संवैधानिक अधिकार प्राप्त है कि वह देश के किसी भी हिस्से में जाकर बस और रोजी-रोजगार के अवसर तलाश सकता है। कोई भी राज्य सरकार इस पर पाबंदी नहीं लगा सकती। मगर राजनीतिक दल अपने स्वार्थ के लिए क्षेत्रीय अस्मिता का हवाला देते हुए कई बार बाहरी लोगों के खिलाफ स्थानीय लोगों को भड़काने का प्रयास करते देखे जा चुके हैं। असम और महाराष्ट्र इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। असम में बिहारी मजदूरों पर यह कह कर हमला किया गया और उन्हें वहां से भगाने का प्रयास हुआ था कि उनकी वजह से असम के युवाओं को रोजगार नहीं मिल पाता। इसी तर्क पर महाराष्ट्र में भी दूसरे प्रदेशों से जाकर बसे या किसी रोजी-रोजगार में लगे लोगों पर हमले किए गए थे। इस संकीर्ण सोच को रोपने का अवसर उन सभी इलाकों में उपलब्ध होता है, जहां उद्योग-धंधे और रोजी-रोजगार के अवसर अधिक हैं। हालांकि बहुत सारी जगहों पर ऐसी विभेदकारी कोशिशें सफल नहीं हो पातीं। हरियाणा में भी उद्योग-धंधे बहुत हैं, जहां दूसरे राज्यों से बड़ी संख्या में आकर लोग काम करते हैं। इस तरह जजपा के लिए हरियाणा के लोगों में यह भाव भरना आसान हो गया कि स्थानीय लोगों का हक बाहरी लोग छीन रहे हैं। निजी कंपनियां और संस्था-संस्थान अपनी जरूरत के हिसाब से कौशल आदि का आकलन करते हुए कर्मचारी नियुक्त करते हैं। उसमें पचहत्तर फीसद स्थानीय लोगों को भरने की अनिवार्यता लागू करने से उन्हें कुशल कर्मचारियों के चुनाव में अड़चन आना स्वाभाविक है। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# साइबर सुरक्षा...

वित्त मंत्रालय ने देश के सभी सरकारी बैंकों को अपनी साइबर सुरक्षा की समीक्षा करने और उसे मजबूत बनाने की जो सलाह दी, उस पर अमल भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि बैंकों की साइबर सुरक्षा में सेंध लगती ही रहती है। पिछले हफ्ते ही सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक में तत्काल भुगतान सेवा के माध्यम से कुछ लोगों के खाते में गलत तरीके से 820 करोड़ रुपये चले गए थे। यह ठीक है कि इनमें से 649 करोड़ रुपये की वसूली हो गई, लेकिन बैंक अभी तक यह स्पष्ट नहीं कर सका कि यह तकनीकी गड़बड़ी मानवीय त्रुटि के कारण हुई या हैकिंग के चलते। यह कोई पहला ऐसा मामला नहीं है जब किसी बैंक की साइबर सुरक्षा में सेंध लगी हो। कुछ वर्ष पहले यूनियन बैंक आफ इंडिया की साइबर सुरक्षा में सेंध लगी थी। यह सेंध इसलिए लगी थी, क्योंकि बैंक के अधिकारी एक फिशिंग ईमेल के झांसे में आ गए थे। वास्तव में केवल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को ही अपनी साइबर सुरक्षा मजबूत करने की आवश्यकता नहीं है। इस आवश्यकता की पूर्ति निजी क्षेत्र के बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को भी करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त अन्य जो भी महत्वपूर्ण सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थान हैं, उन्हें भी साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्कता बरतनी होगी। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछले साल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्स की साइबर सुरक्षा में सेंध लगी थी। इसके चलते कई दिनों तक देश के इस सबसे बड़े और प्रतिष्ठित अस्पताल का कामकाज बुरी तरह प्रभावित रहा था। कुछ समय पहले इसरो प्रमुख ने यह सूचना दी थी कि उनके संस्थान को प्रतिदिन कम से कम सौ साइबर हमलों का सामना करना पड़ता है। साइबर हमलों पर निगाह रखने वाली राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की ओर से जारी रपटें यह बता रही हैं कि दुनिया भर में साइबर हमले तेजी के साथ बढ़ रहे हैं और इन हमलों के दायरे में भारत के भी विभिन्न संस्थान हैं। बढ़ते साइबर हमलों से बचने के लिए देश के सभी संस्थान आवश्यक उपाय करें, इसके लिए सरकार को केवल सुझाव देने तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। उसे सरकारी और निजी क्षेत्र के संस्थानों को उन तौर-तरीकों से परिचित कराना चाहिए जिससे साइबर हमले रोके जा सकें। साइबर हमले केवल धन की हेराफेरी के लिए ही नहीं होते, बल्कि महत्वपूर्ण सूचना और लोगों की निजी जानकारियां हासिल करने के लिए भी होते हैं। हाल के वर्षों में साइबर धोखाधड़ी जितनी बड़ी चुनौती बनकर सामने आई है, उसे देखते हुए यह भी जरूरी है कि आम जनता भी अपने स्तर पर इसके खतरों के प्रति जागरूक हो और यह समझे कि उसकी अपरिपक्वता भी इसके अपराधियों का दुस्साहस बढ़ा रही है।



# राजस्थान के सुरताज संगीत का कार्यक्रम संपन्न





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अकस फाउंडेशन, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विराट, संगम कला केंद्र एवं कायस्थ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित राजस्थान के सूर ताज का फाइनल राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में संपन्न हुआ। मुख्य आयोजक अनीता माथुर ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर रचना नारायण, विशिष्ट अतिथि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन जयपुर के अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, सचिव निर्मल संघी रहे। मुख्य आयोजक एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विराट के फाउंडर बसंत जैन बैराठी ने बताया कि प्रथम विजेता फियाज खान को एक लैपटॉप 3000 रुपए की नगद राशि दी गई, द्वितीय विजेता गरिमा पंजाबी को साइकिल एवं 2000 रुपए की राशि दी गई तृतीय विजेता नवनीत पंजाबी को टैबलेट एवं 2000 रुपए की राशि भेंट की गई। आयोजक मीनाक्षी गुप्ता जयसूद एवं अर्चना भार्गव ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही एक दृष्टिहीन गायक जय किशन को ऑल राउंड ट्रॉफी प्रदान की गई। कायस्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अमरीश सक्सेना ने बताया कि तीन विजेताओं को देश के बड़े संगीत कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्रदान करवाया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी धर्मेंद्र मोदी, सरस्वती ग्रुपऑफ प्रिंटिंग इंडस्ट्रीज की ब्रांड एंबेसडर प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर नेशनल बास्केटबॉल प्लेयर जया मनराल, नेशनल स्विमर एवं फैशन डिजाइनर पूजा शर्मा, knv लर्निंग इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर अंजना अग्रवाल, गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित रहे। अनीता माथुर ने बताया कि फाइनल से पहले तीन ऑडिशन राजस्थान के कई शहरों में किए गए उनमें से 24 प्रतिभागियों को सेमीफाइनल फाइनल के लिए चुना गया कार्यक्रम में नगद प्राइस ए के एस बेयरिंग्स के अध्यक्ष सुधीर गढ़िया के के द्वारा प्रदान की गई इस अवसर पर डॉक्टर गणेश नारायण सक्सेना को भी उनके द्वारा प्रधान की गई सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

# दिवाली स्नेह मिलन समारोह में कमल लोचन का सम्मान किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा मालवीय नगर जयपुर की ओर से प्राणी कल्याण गोष्ठी, दीपावली स्नेह मिलन एवं एनिमल वेलफेयर एक्टिविस्ट कमल लोचन के सम्मान का कार्यक्रम मालवीय नगर के अमित भारद्वाज मार्ग स्थित सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष आरसी कटारा, महामंत्री आरबी गुप्ता, कोषाध्यक्ष विजय चंद्र, समारोह अध्यक्ष प्रोफेसर वासुदेव, चेतन कुमार जैन,केशव कुमार शर्मा,बीके मीणा,कैलाश पाटनी आदि पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए और कमल लोचन का जीव कल्याण कार्यों के लिए शाल ओढ़ाकर तथा माला पहनकर अभिनंदन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रहे जयपुर बर्ड हॉस्पिटल के संस्थापक कमल लोचन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पशु पक्षियों का प्राकृतिक रूप में बचाना बहुत आवश्यक है। उन्होंने सीनियर सिटीजन से आह्वान किया कि वे भी इस पुनीत कार्य में समय दान करें।

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**स्व. श्री पदमचन्द कासलीवाल**

मृत्यु सत्य है और शरीर नश्वर है यह जानते हुए भी अपनों के जाने का दु:ख होता हैं,
दु:खी हैं, नि:शब्द है स्तब्ध हैं भाव विह्वल होते हुए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं

**शत् शत् नमन**

श्रद्धावनत

**कासलीवाल परिवार**

मेड़ता - जयपुर - सूरत - अहमदाबाद - चेन्नई

# जैन सोशल ग्रुप महानगर का 64 सदस्य दल विदेश यात्रा पर वियतनाम रवाना

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप महानगर का 64 सदस्य दल आज सात दिवसीय वियतनाम यात्रा के लिए रवाना हुआ। राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष जैन,जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन नॉर्दर्न रीजन के अध्यक्ष महेंद्र सिंघवी, महानगर ग्रुप के अध्यक्ष संजय जैन, इंटरनेशनल डायरेक्टर चंद्रशेखर जैन और नॉर्दर्न रीजन के जॉइंट सेक्रेटरी और महानगर के पूर्व अध्यक्ष डॉ राजीव जैन ने दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा के मुख्य संयोजक ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष दीपेश जैन और वीरेन्द्र जैन है। रवाना होने से पूर्व सभी सदस्यों द्वारा महावीर नगर जैन मंदिर में सामूहिक पूजा भी की गई। दल 29 तारीख को जयपुर लौटेगा। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप जैन और पूर्व अध्यक्ष रविप्रकाश जैन सहित अनेक वरिष्ठ सदस्य इस दल का हिस्सा बनकर वियतनाम यात्रा पर गए हैं।






# श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में आज 16 अर्घ्य समर्पित किए गए



**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे में सोमवार से शुरू हुए अष्टान्हिका महापर्व के दौरान आर्यिका श्रुतमति माताजी, आर्यिका सुबोध मति माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में सकल दिगम्बर जैन समाज की अगुवाई में 20 नवंबर 2023 से 28 नवंबर 2023 तक चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में पूज्यार्थियों के द्वारा भक्ति भाव से 16 अर्घ्य समर्पित किए गए। जैन महासभा के मीडिया प्रवक्ता राजाबाबु गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में इससे पूर्व श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा, अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना बाद विधान प्रारंभ हुआ, मंदिर समिति के अध्यक्ष महावीर झंडा तथा मंत्री कमलेश चौधरी ने बताया कि विधान में सारे सकल जैन समाज ने शिरकत करते हुए दर्शन लाभ प्राप्त कर आर्यिका संघ से मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में पंडित कुमुद जी सोनी अजमेर के द्वारा विभिन्न मंत्रोचारणों के साथ अर्घ्य समर्पित करवाये गये। मंदिर समिति के प्रतिनिधि विनोद मोदी तथा चातुर्मास समिति के अध्यक्ष मितेश लदाना ने बताया कि उक्त अवसर पर समाज सेवी सोहनलाल झंडा,अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा, रामवतार कठमाणा, नवरत्न कठमाणा, पंडित संतोष बजाज, महावीर मांदी,धर्म चंद पीपलू, अशोक कागला, राकेश मांदी, मनीष गोधा,त्रिलोक पीपलू तथा राजाबाबु गोधा एवं सुशीला जैन बावडी, संजू कागला ,संगीता कागला , मीरा झंडा, ममता बावड़ी, पिंकी मांदी,मीनाक्षी मांदी,सहित सारे श्रावक श्राविकाएं साथ साथ थे।

# विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी आदरणीय सीताराम अग्रवाल का श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर झोटवाड़ा में सकल दिगंबर जैन समाज झोटवाड़ा द्वारा जनसंपर्क के दौरान सम्मान किया गया।

## चातुर्मास मे प्रचार प्रसार में सेवा देने वाले चपलोत को श्रीसंघ ने किया सम्मानित...

### धन-दौलत,मोह-माया सुख का नहीं, हमारे दुःख का साधन हैः महासती धर्मप्रभा



**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

चैन्नई। संसार में सांसो का कोई भरोसा नहीं दुसरी सांस आऐ भी या नहीं आऐगी कोई भी बता नहीं सकता है।मंगलवार साहुकारपेट जैन भवन में महासती धर्मप्रभा ने आयोजित धर्मसभा में श्रोताओं को धर्मसंदेश प्रदान करतें हुए कहा कि समय अमूल्य है और जीवन क्षणभंगुर है और मनुष्य शरीर की नश्वरता को जानतें हुए भी संसार के क्षण मात्र के सुख को पाने की चाह में वो परलोक के सुख को खो रहा है। जबकि संसारी सुख से आत्मा को सुख नहीं दुःख मिलता है आत्मा को तब सुख मिल सकता है जब मनुष्य अपने मोह को छोड़ेगा तभी वह परलोक के सुख को प्राप्त कर सकता है। भगवान महावीर स्वामी के प्रथम शिष्य गौतम स्वामी को मोह के कारण देर से केवलज्ञान प्राप्त हो पाया था। हमारा मोह घटेगा नहीं तब तक है हमारी आत्मा संसार से तिर नहीं सकती है और नाही आत्मा को मुक्ति मिलने वाली है। जितना हमारा मोह बढ़ेगा उतनी ही बार संसार की अलग-अलग जीवा योनियो में हमे जन्म लेना पड़ेगा और संसार के दुखों को भोगना पड़ेगा। धन-दौलत,राग-द्वेष, मोह-माया ये सुख का साधन नहीं है हमारे दुःख का साधन है। मनुष्य जितना मोह का त्याग करेगा उतनी ही उसे जीवन में उसे सुख की अनूभुति करेगा। और अपनी आत्मा को संसार के बंधनो से छुटकारा दिलवा पाएगा और परलोक के सुख को प्राप्त कर सकता है। श्रीसंघ के कार्याध्यक्ष महावीर चंद सिसोदिया ने जानकारी देतें हुए बताया इसदौरान चातुर्मास में प्रचार-प्रसार मे सेवा देने वाले सुनिल चपलोत का साहुकारपेट श्री एस.एस.जैन संघ के अध्यक्ष एम.अजितराज कोठारी,सुरेशचंद डूंगरवाल,हस्तीमल खटोड़,शम्भूसिंह कावड़िया मंत्री सज्जनराज सुराणा आदि सभी ने साध्वी धर्मप्रभा के सानिध्य में चपलोत को शोलमाला और अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया। इसदौरान अनेक भाई -बहनों ने साध्वीवृंद से प्रत्याखान लिए ।

## कलयुग में प्रभु को पाना हुआ सुलभ : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी जिला -टोंक (राज.) में गणिनी आर्यिकारत्न 105 विज्ञाश्री माताजी के पावन ससंघ सान्निध्य में अष्टाह्निका पर्व में पूज्य माताजी के मुखारविंद से अभिषेक शांतिधारा करने का अवसर भक्तों को नित प्रति प्राप्त हो रहा है। आज की शांतिधारा का अवसर पांडिचेरी से गुरुमां के दर्शनाथ पधारे हुए मदनलाल सोनी ने प्राप्त किया। पूज्य माताजी ने सभी को भक्ति की महत्वता बताते हुए कहा कि - भक्ति श्रद्धा, विश्वास एवं प्रेमपूरित भक्त हृदय का वह मधुर मनोराग है जिसके द्वारा भक्त और भगवान के पारस्परिक सम्बन्ध का निर्धारण होता है। आज के युग में यानी कलियुग में भक्ति करने वाला प्रभु को जल्दी पा लेता है । अन्य युगों में प्रभु को पाना कठिन था पर कलियुग में प्रभु को पाना सबसे सुलभ है ।ऐसा इसलिए कि इस युग में गृहस्थ के जंजाल, व्यापार की परेशानियाँ, सामाजिक दुनियादारी, बीमारियों के आक्रमण के बीच प्रभु के लिए समय निकाल पाना कठिन होता है इसलिए प्रभु ने अपने को पाने का मार्ग इस युग में सुलभ बना दिया है । इसलिए जो इस वर्तमान युग में सच्ची भक्ति करके प्रभु के लिए समय निकाल लेता है वह बड़े वेग से प्रभु तक पहुँचता है । अन्य युगों में प्रभु प्राप्ति के मार्ग में बाधाएँ कम होती है इसलिए प्रभु प्राप्ति के साधन कठिन होते हैं। कलियुग में प्रभु प्राप्ति के मार्ग में बाधाएँ बहुत हैं इसलिए प्रभु प्राप्ति का साधन बहुत सुलभ है।

# शाकाहारी भोजन खाने के क्या फायदे हैं?





डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।
9828011871

एक स्वस्थ और अच्छी तरह से संतुलित शाकाहार (या शाकाहारी) जीवनशैली से जुड़े स्वास्थ्य लाभ निर्विवाद कहे गए हैं। अनगिनत अध्ययनों से पता चला है कि एक अच्छी तरह से योजनाबद्ध, पौष्टिक, पौधों पर आधारित आहार का सेवन करना मोटापा, हृदय रोग, मधुमेह और स्ट्रोक को रोकने के साथ-साथ मनुष्य को लंबा जीवन प्रदान करता है।

1. शाकाहारी भोजन का पाचन जल्द हो जाता है। यह आपके मस्तिष्क को सचेत रखते हुए आपको बुद्धिमान बनाता है। इसके विपरीत माँसाहारी भोजन को पचने में कम से कम 36-60 घंटे लगते हैं।
2. सब्जियों में प्रोटीन, काबोर्हाईड्रेट और वसा के साथ-साथ और भी बहुत से आवश्यक तत्व होते हैं। विटामिन, एंटीऑक्सीडेन्ट, अमीनो एसिड आदि जैसे तत्व भी शामिल होते हैं, जो कैंसर जैसी घातक बीमारी के बचाव में सहायक होते हैं।
3. शाकाहारी भोजन में फायबर भी अधिक मात्रा में होते हैं जो पाचन क्रिया में सहायक होते हैं।

हालांकि शाकाहारी भोजन में विटामिन बी12 कम मात्रा में मिल पाता है, लेकिन शाकाहारी लोगों में इसकी कमी होने के कोई सबूत नहीं। इससे यह पता चलता है कि हमारे शरीर में विटामिन बी12 बहुत ही कम मात्रा में चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि शाकाहारी भोजन, सही मात्रा में कैलोरीज नहीं प्रदान करता लेकिन यह सही नहीं है। अगर शाकाहारी भोजन में सभी जरूरी पदार्थ शामिल हों तो सही मात्रा में कैलोरीज भी मिल जाती हैं। पोषक तत्वों से भरपूर सब्जियों में बहुत से आवश्यक तत्व जैसे विटामिन, एंटी ऑक्सीडेंट, अमीनो एसिड इत्यादि पाया जाते है जिससे कई घातक बीमारियों से बचा जा सकता हैं। इसके अलावा शाकाहारी भोजन में प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट और वसायुक्त पदार्थ भी पाये जाते हैं जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होते है। शाकाहारी भोजन में शरीर की जरूरत के हिसाब से कैलोरीज और विटामिन पाये जाते है और शाकाहार भोजन में फाइबर भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

## हृदय रोगों की संभावना कम

शुद्ध शाकाहार भोजन करने वाले व्यक्तियों को हृदय से संबंधित रोग होने की संभावना कम ही रहती है क्योंकि मांसाहार की तुलना में शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है, जिससे यह हृदय रोगों की आशंका कम करता है।

## ऊर्जावान बनाएं

शाकाहार भोजन के अतिरिक्ति प्रभाव नहीं है। यह जल्दी खाना पचाने में मदद करता है, साथ ही यह मस्तिष्क को सचेत रखते हुए उसे बुद्धिमान बनाता है। शाकाहार भोजन करने वाले व्यक्ति कम अवसादग्रस्त रहते हैं और तरोताजा महसूस करते हैं।

## हाई ब्लड प्रेशर से बचाव

शाकाहारियों में हाई ब्लड प्रेशर की संभावना मांसाहारियों की तुलना में बहुत कम होती है और यह वजन व नमक पर निर्भर नहीं करता। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ऐसे लोग कॉम्प्लेक्स क्राबोहाइड्रेट ज्यादा मात्रा में ग्रहण करते हैं और इनमें शारीरिक स्थूलता भी कम होती है।

## कैंसर से बचाव

शाकाहारी भोजन में विभिन्न प्रकार के रोगों से भी आपको बचाता है। शाकाहार का सेवन करने वाले व्यक्तियों में कई प्रकार के कैंसर रोगों जैसे फेफड़ों का कैंसर, आंत का कैंसर इत्यादि की संभावनाएं भी कम होती हैं। शोधों में भी ये बात साबित हो चुकी है कि शाकाहार का सेवन करने वाले व्यक्तियों में स्तन कैंसर का खतरा भी कम होता है। ऐसा शाकाहारियों में एस्ट्रोजन की कम मात्रा पाये जाने के कारण होता है। अनाज, फली, फल और सब्जियों में रेशे और एंटीऑक्सीडेंट ज्यादा होते हैं, जो कैंसर को दूर रखने में सहायक होते हैं।

## किडनी रोगों से बचाव

किडनी की समस्या या इससे होने वाले रोगों में भी शाकाहारी भोजन लाभकारी है। शाकाहारी भोजन किडनी से संबंधित रोगों की रोकथाम में सहायक होता है। अध्ययनों के अनुसार, यूरीन के द्वारा प्रोटीन का निकल जाना, कोशिकाओं द्वारा रक्त छनने की गति, किडनी में रक्त संचार और किडनी से संबंधित विकार मांसाहारियों की तुलना में शाकाहारियों में कम पाए जाते हैं। आपने लेख ध्यान से पढ़ा, धन्यवाद। अपने सुझाव आप अवश्य प्रदान करें।

# अग्रवाल युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन के फोल्डर का विमोचन हुआ




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री अग्रसेन महासभा ट्रस्ट जयपुर के द्वारा रविवार दिनांक 7 जनवरी 2024 को अग्रवाल समाज के 19 वें वार्षिक विवाह योग्य युवक युवतियों के विशाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन अग्रवाल कालेज, सांगानेरी गेट, जयपुर के प्रांगण में किया जावेगा। महासचिव गिरिजा शंकर तुरकासवाला ने बताया कि सम्मेलन की सफलता लिये मुख्य संयोजक धनश्याम मैडवाले के नेतृत्व में समाज के प्रमुख लोगो की समिति का गठन किया गया है। मैडवाले ने बताया कि राजस्थान प्रदेश के अलावा विभिन्न प्रान्तो से सात सो से अधिक युवक युवतियों की सम्मेलन में आने की सहमती के साथ । उनके बयोडेटा ट्रस्ट कार्यालय में प्राप्त हो चुके है। बायोडेटा 17 दिसम्बर 2023 तक स्वीकार किये जायेंगे। बायोडेटा ट्रस्ट कार्यालय, देशभूषण धर्मशाला महिला चिकित्सालय प्रांगण, सांगानेरी गेट जयपुर स्थित कार्यालय पर एवं व्हाट्सअप न. 9887026646 पर भी भिजवा कर युवक युवती निशुल्क पंजीयन करा सकते है। आज समिति पदाधिकारियों के द्वारा परिचय सम्मेलन के फोल्डर का भी विमोचन कर बताया कि सम्मेलन के अवसर पर प्राप्त सभी बायोडेटाओं की स्मारिका 'अग्र-पहल' का भी विमोचन किया जाएगा।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380


दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# शांति धारा, गुरु आशीष से मना पदम बिलाला का जन्मदिवस

## जम्बूस्वामी तपोस्थली बोलखेड़ा समिति ने किया अभिनन्दन

जयपुर. कासं

अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान राजस्थान प्रान्त के प्रांतीय अध्यक्ष पदमचंद जैन बिलाला जयपुर निवासी द्वारा 70वां जन्म दिवस जनकपुरी जैन मंदिर में शांति धारा एवं आर्यिका विशेष मति माताजी से आशीष प्राप्त कर मनाया तो वहीं हरियाणा राजस्थान की सीमा पर कामां तहसील में स्थित गांव पथवारी नोनेरा पहुंचकर परम पूज्य आचार्य श्री वसु नंदी महामुनिराज आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जम्मू स्वामी तपोस्थली बोल खेड़ा



समिति अध्यक्ष रमेश चंद्र गर्ग, कोषाध्यक्ष किशोर जैन,महामंत्री अरुण जैन एवं धर्म



जागृति संस्थान के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या कामां द्वारा पदमचंद बिलाला



का अभिनंदन भी किया गया। आचार्य बसु नंदी महाराज ने कहा कि धर्म सिखाओ धर्म बचाओ के नारे को बुलंद करते हुए धर्म की ध्वजा आगे ले जाने का कार्य धर्म स्नेही, गुरुभक्तों द्वारा किया जाता है और उन्हें ही पुण्य के शुभ अवसर प्राप्त होते हैं। 22 नवम्बर को आचार्य संघ का तपोस्थली बोलखेड़ा पर प्रवेश होगा।

# गोठी स्कूल ने राज्य स्तरीय इंटेक प्रतियोगिता में बाजी मारी




**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

**ब्यावर।** वर्द्धमान ग्रुप के तत्वावधान में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवर लाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावर के विद्यार्थियों ने भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक), दिल्ली के तत्वावधान में जोधपुर चैप्टर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जीतकर अपना परचम लहराया। प्राचार्य डॉ अनिल कुमार शर्मा ने बताया की विद्यालय के कक्षा 9 के आनंद सिंह छाबड़ा, और सेजल सोनी ने दीपक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में ब्यावर जिला स्तरीय प्रतियोगिता जीतकर जोधपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता इंटेक स्टेट कनवीनर जोधपुर महाराजा गजसिंह, मारवाड़ जोधपुर चैप्टर कनवीनर डॉ महेंद्र सिंह तंवर , को कनविनर भागीरथ वैष्णव, कल्चर मैनेजर घमांशु बोहरा के निर्देशन में मेहरानगढ़ फोर्ट की मेजबानी में आयोजित की गई जिसमें राजस्थान के विभिन्न जिले अलवर, जयपुर, उदयपुर करौली, अजमेर , जोधपुर, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, एवम ब्यावर की विजेता स्कूलों की प्रतिष्ठित टीम को भाग लेने का मौका मिला ।प्रतियोगिता तीन राउंड में आयोजित हुई जिसमे शानदार प्रदर्शन करते हुए गोठी स्कूल के बच्चों ने अपने प्रतिद्वंदियों को सही जवाबों से पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और उपस्थित सभी अतिथियों और गणमान्य नागरिकों का दिल जीत लिया जबकि मेजबान जोधपुर और सवाई माधोपुर की टीम को रनरअप रहकर संतोष करना पड़ा।आयोजकों ने प्रतियोगिता में ब्यावर के विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रदर्शन करने के लिए विद्यार्थियों के साथ साथ उन्हें अभिप्रेरित करने वाले शिक्षक दीपक कुमार गुप्ता, गोठी स्कूल प्रशासन एवम प्रबंधन के डॉ नरेंद्र पारख, डॉ आर सी लोढ़ा, इंटेक ब्यावर चैप्टर को कनवीनर राम प्रसाद कुमावत की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा की एक छोटे से शहर के बच्चों ने अपनी प्रतिभा के दम पर विद्यालय, परिवार और शहर का नाम रोशन किया जिसका श्रेय संस्कारित परिवार, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण एवम विद्यालय प्रबंधन को जाता है। विद्यालय के आनंद सिंह और सेजल सोनी का चयन दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ जो अब आगामी 14 एवम 15 दिसंबर को आयोजित होगी।

# जयपुर व्यापार महासंघ का दीपावली स्नेह मिलन समारोह संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जयपुर व्यापार महासंघ का दीपावली स्नेह मिलन समारोह गोकुल निवास गार्डन एम आई रोड सी- स्किम में सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड, भारत सरकार के चेयरमैन सुनील सिंघी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की अर्थव्यवस्था में शीघ्र तीसरा स्थान प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल व महामंत्री सुरेन्द्र बज ने बताया की समारोह मे व्यापार मण्डलों व जयपुर के विभिन्न व्यापार संगठनों का इस अवसर पर सुनील सिंघी द्वारा शील्ड से सम्मानित किया गया । मंच का संचालन निशिता सुरोलिया ने किया। राष्ट्रीय व्यापार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी व जयपुर के सांसद राम चरण बोहरा की उपस्थिति में आगामी विधानसभा चुनाव के मतदान दिवस 25 नवम्बर को लोकतंत्र दिवस के रूप में मनाने व जयपुर के सभी व्यापारीक प्रतिष्ठानों के अवकाश रखने व व्यापारीयो द्वारा स्वयं मतदान करते हुए परिवार जनों एवं कर्मचारी वर्ग को मतदान करने हेतु प्रेरित करते हुए सक्रिय भूमिका निभाने की दोनों हाथ खड़े करके प्रण किया गया व प्रस्ताव का समर्थन किया। जयपुर व्यापार महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केडिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सैनी, कोषाध्यक्ष सौभागमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष कैलाश मित्तल, मनीष खुटेटा, प्रकाश सिंह ,नीरज कुमार लूहाडीया, चंद्रप्रकाश राणा, सचिन गुप्ता भूपत राय कांटे वाला, मिंतर सिंह राजावत ,सुरेश कुमार लश्करी ,मंत्री विक्की चेलानी, अतुल गांधी प्रमुख सलाहकार राजेन्द्र कुमार गुप्ता हुकम चन्द अग्रवाल एवं अन्य सदस्य सभी व्यापार मण्डलों से सम्पर्क कर इस संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाएंगे। दीपावली स्नेह मिलन समारोह में जयपुर के पूर्व महापौर मोहन लाल गुप्ता, ज्योति खंडेलवाल, मनोज भारद्वाज, पूर्व विधायक सुरेन्द्र पारीक, भारतीय जनता पार्टी के नेता सुरेश मिश्रा प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष श्याम अग्रवाल, जितेंद्र श्रीमाली,फोर्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण अग्रवाल,जगदीश सोमानी, कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स राजस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष कोटा के मनोज गोयल सहीत जयपुर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में महिला व्यवसायी भी उपस्थित रही।

# श्री 108 सुयश सागर जी महामुनिराज ससंघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह आयोजित






**झुमरीतिलैया. शाबाश इंडिया**

कोडरमा जिला झुमरी तिलैया में चातुर्मास करके धर्म की गंगा बहाने वाले जैन संत श्री 108 सुयश सागर जी महामुनिराज ससंघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह एवं आचार्य विशुद्ध सागर जी गुरुदेव का दीक्षा जयंती समारोह कार्यक्रम बड़े भव्य रूप से मनाया गया आचार्य श्री की पूजा भक्ति भाव से की गई पिच्छिका परिवर्तन की शुरूआत मंगलाचरण भाव नृत्य के साथ हुई। मंगलाचरण के रूप में सुबोध-आशा गंगवाल के भजनों के साथ भक्ति प्रस्तुति हुई मंच संचालन समाज के उप मंत्री राज छाबड़ा ने किया समाज की छोटी-छोटी बच्चियों ने स्वागत नृत्य किया समाज के मंत्री ललित सेठी एवं संयोजक नरेंद झांझरी ने पूरे चातुर्मास काल में कार्यकर्ताओं के सहयोग की सराहना करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। पूज्य गुरुदेव सुयश सागर जी ने अपने मंगल देशना में भक्त जनों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड प्रदेश में कोडरमा नगरी धर्म नगरी है यहां के लोग धर्म प्रिय और संस्कृति की रक्षा करने वाले है समाज में हर व्यक्ति जरूरी होता है सभी के योगदान से ही बड़े से बड़ा कार्य सफल होता है पांच महीने के दौरान कोडरमा जैन समाज ने जिस तरह सभी कार्यों को उत्साह और उमंग के साथ धर्म प्रभावना की। वह सराहनीय है अतिथि का स्वागत सत्कार भी समाज ने बखूभी से निभाया। पिच्छिका भेंट करने सैकड़ो लोगों ने आज गुरुदेव के साथ पीछी को लेकर नगर भर्मण किया मुनि श्री ने कहा कि जैन धर्म में पिच्छिका का बड़ा महत्व है। इसके बिना जैन में कोई मुनि नहीं हो सकता। मुनि श्री ने कहा कि यह उपकरण पिच्छी जैन साधु एवं साध्वियों का पहचान चिह्न है। पिच्छी यदि किसी कारणवश छूट जाती है या गुम हो जाती है तो जैन साधु एक कदम भी आगे नहीं बढ़ाता है, क्योंकि इससे जीवों की हिंसा का दोष लगता है। इसलिए इसका महत्व है बड़े ही भाग्यशाली और धार्मिक व्यक्ति को ही गुरुजनों की पीछी मिलती है आज मुनिश्री 108 सुयश सागर जी ने अपने हाथों से अपनी पुरानी पीछी गुरु भक्त सिद्धांत पायल ललित नीलम सेठी परिवार को दी ।105 सोहम सागर जी महाराज ने अपनी पिछिका ममता सुनील सेठी परिवार को दी 105 श्रुत सागर जी महाराज ने अपनी पीछि अजय अलका सेठी परिवार को दी । इस मौके पर समाज के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र काला सुरेश झाझंरी जयकुमार गंगवाल सुशील छाबड़ा पदम सेठी सुरेश सेठी, दिलीप बाकलीवाल, मनीष सेठी राजीव छाबड़ा, सुनीता सेठी पार्षद पिंकी जैन, आदि श्रद्धालु भक्त जनों को गुरुदेव ने आशीर्वाद प्रदान किया समाज के मीडिया प्रभारी राजकुमार अजमेरा,नविन जैन ने बताया।

